दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) - 491001

Email: academic@durguniversity.ac.inWebsite: www.durguniversity.ac.in Phone-0788-2359400

क्रमांक. 1496/अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 05/02/2018

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
(दुर्ग विश्वविद्यालय से संबद्ध)
दुर्ग संभाग (छ.ग.)

विषयः– आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रारंभ होने वाले नवीन पाठ्यक्रम एवं वार्षिक संबद्धता हेतु विश्वविद्यालय परिनियम 27 के अनुसार निर्धारित समयावधि में शुल्क जमा करने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा नवीन संकायों/पाठ्यक्रमों/कक्षाओं तथा वार्षिक संबद्धता अथवा संबद्धता विस्तार हेतु शुल्कमय आवेदन विश्वविद्यालय परिनियम 27 के अनुसार निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय को प्रेषित की जानी है :–

1. **नवीन पाठ्यक्रमों की अस्थायी संबद्धता प्राप्त करने के लिए –**
   (अ) अशासकीय महाविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रम हेतु प्रथम शैक्षणिक सत्र के पूर्व वर्ष की 28 फरवरी तक शुल्कमय आवेदन किया जाना है।
   (ब) शासकीय महाविद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रम हेतु प्रथम शैक्षणिक सत्र के पूर्व वर्ष की 30 जून तक शुल्कमय आवेदन किया जाना है।
2. **महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की वार्षिक संबद्धता प्राप्त करने के लिए –**
   (अ) पाठ्यक्रमों को संबद्धता विस्तार हेतु आगामी शैक्षणिक सत्र के पूर्व वर्ष की 31 दिसम्बर तक शुल्कमय आवेदन किया जाना है।
   (ब) पाठ्यक्रमों की वार्षिक संबद्धता शुल्क प्रतिवर्ष 31 जुलाई तक जमा किया जाना है।
   (स) अतः उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना तथा संबद्धता संबंधी विश्वविद्यालय परिनियम 27 में उल्लेखित समस्त दिशानिर्देशों/शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ. क्रमांक / 1497 /अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 05/02/2018

प्रतिलिपि –

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)।
2. माननीय कुलपति महोदय के सचिव, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।
3. परीक्षा एवं गोपनीय विभाग, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।

सहायक कुलसचिव (अका.)
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग

दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001

Email: academic@durguniversity.ac.inWebsite: www.durguniversity.ac.in Phone-0788-2359400

क्र. 1498/अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 05/02/2018

||सूचना||

एतद् द्वारा समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि, विश्वविद्यालय परिनियम 27 तथा छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्र. एफ–3–74/2014/38–2, दिनांक 09.01.2015 के अनुसार महाविद्यालयों से निम्नानुसार संबद्धता शुल्क विश्वविद्यालय को देय है :–

मद	शासकीय महाविद्यालय	अशासकीय महाविद्यालय
संबद्धता हेतु आवेदन शुल्क	350	3500
(1) नए महाविद्यालय अथवा नये पाठ्यक्रम हेतु:–		
स्नातक स्तर पर चार विषय के साथ एक संकाय (प्रथम वर्ष)	5000	50000
द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष (प्रत्येक के लिए)	5000	30000
एक संकाय में चार विषय के अतिरिक्त प्रति विषय	2000	10000
(2) नए स्नातकोत्तर विषय के लिए:–		
पूर्व वर्ष के लिए	3000	30000
अंतिम वर्ष के लिए	3000	15000
(3) वार्षिक संबद्धता शुल्क :–		
स्नातक स्तर पर प्रति संकाय	900	9000
स्नातकोत्तर स्तर पर प्रति विषय	600	6000
बी.एड/बी.पी.एड./BCA	1500	15000
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा	600	6000
डिप्लोमा	500	5000
(4) स्थाई संबद्धता शुल्क:–		
स्नातक स्तर पर (आधार पाठयक्रम के साथ तीन प्रमुख विषय)	15000	15000
प्रत्येक अतिरिक्त विषय	10000	10000
स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रति विषय	15000	15000
(5) सम्बद्धता वृद्धि (विस्तार) शुल्क (प्रत्येक वर्ष)	800	8000

उपरोक्तानुसार आपके महाविद्यालय के संबद्ध पाठ्यक्रमों/संकायों के शुल्क की गणना कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(माननीय कुलपति द्वारा अनुमोदित)

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ. क्रमांक /1499 /अका./2018 दुर्ग, दिनांक : 05/02/2018

प्रतिलिपि –

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)।
2. माननीय कुलपति महोदय के सचिव, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।
3. प्राचार्य समस्त महाविद्यालय।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

सहायक कुलसचिव (अका.)
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग